NBT
नवभारत टाइम्स

दिल्ली में नकली टूथपेस्ट स्टोर करने वाले गोदाम में रेड, कई बड़े ब्रांड के नकली पेस्ट मिले, नेपाल से है कनेक्शन!

नई दिल्ली: समयपुर बादली के सिरसपुर इलाके में ब्रांड सेंसोडाइन के नाम से नकली टूथपेस्ट की फैक्ट्री मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिस वक्त फैक्ट्री में रेड की थी उसके पास एक बड़ा गोदाम भी पकड़ा गया, जहां 'क्लोज अप' टूथपेस्ट भी पैक होकर तैयार रखे हुए थे। सूत्रों ने बताया कि गोदाम में कई टॉप ब्रांड के टूथपेस्ट बड़ी संख्या में मिले हैं। इस गोदाम पर कार्रवाई कोर्ट के दिशा निर्देश पर हुई थी। फैक्ट्री से नकली माल तैयार होकर इसी गोदाम में रखा जाता था। इसके बाद यहां से दिल्ली-एनसीआर समेत देश के दूसरे राज्यों में लोकल डीलर के जरिए सप्लाई किया जाता था। वहीं, नकली टूथपेस्ट की फैक्ट्री चला रहे शख्स को पुलिस अभी पकड़ नहीं पाई है। उसकी तलाश में छापेमारी चल रही है। फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों से पूछताछ चल रही है।

कई पैकेजिंग पर लिखा 'मेड इन नेपाल'

सूत्रों ने बताया कि गोदाम और फैक्ट्री से मिले नकली टूथपेस्ट की कई पैकेजिंग में 'मेड इन नेपाल' लिखा हुआ था। जिसकी वजह से अंदेशा है कि यहां से नकली टूथपेस्ट का माल वाया रोड सीधे नेपाल पहुंचाया जाता है। नेपाल की मार्केट में नकली प्रोडक्ट खपाया जाता है। हालांकि पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की। उनका कहना है कि यह अभी जांच का पार्ट है। वहीं, दूसरी तरफ सदर बाजार के जरिए नकली प्रोडक्ट बाहर भेजे जाने की तफ्तीश चल रही है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/india/fake-toothpaste-factory-busted-counterfeit-products-of-close-up-and-other-brands-seized/articleshow/118722893.cms